सांध्य दैनिक


# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 12 | इंदौर, मंगलवार 23 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



कृतज्ञता भाव से प्रणाम... वंदन...

'23 जुलाई - जन्मदिवस'

भारत माँ के क्रान्तिकारी वीर सपूत

'महान चंद्रशेखर आज़ाद'

## Headline

### खेती-किसानी और पहली बार नौकरी पाने वालों को तोहफा

1. वित्त मंत्री ने बजट में सरकार की नौ प्राथमिकताएं गिनाईं ये हैं
2. खेती में उत्पादकता
3. रोजगार और क्षमता विकास
4. समग्र मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय
5. विनिर्माण और सेवाएं
6. शहरी विकास
7. ऊर्जा सुरक्षा
8. अधोसरंचना
9. नवाचार, शोध और विकास
10. अगली पीढ़ी के सुधार

# देर रात पथराव, 10 से अधिक घायल

## बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े, जमकर चले पत्थर

जिले के महू कोतवाली थाना क्षेत्र में आने वाले न्यू गुराडिया में सोमवार रात दो समाज के लोगों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से पथराव होने लगे। मामले में दोनों ही ओर से 10 लोग घायल हुए हैं। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और विवाद को शांत करवाया करवाया।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जानकारी के अनुसार दो समाज के लोगों में पिछले कई दिनों से विवाद चलते आ रहा है। इसी दौरान दोनों ही समाज के बच्चों में विवाद हुआ, जो इतना बढ़ गया कि बड़ों तक जा पहुंचा। इस दौरान मौके पर दोनों पक्षों की ओर से पथराव हो गया।**

मामले में कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि पहले बच्चों बच्चों में विवाद हुआ था। विवाद बढऩे के बाद परिजन भी आपस में भिड़ गए। दोनों ही ओर से पांच-पांच लोग घायल है, जिनकों प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटनास्थल पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद को शांत करवाया। दोनों ही पार्टी की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके तहत पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया है। रात में पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया था।

### बर्थडे पार्टी मना कर आ रहे युवक से मारपीट

थाना प्रभारी ने बताया कि न्यू गुराडिया गांव में पासी समाज और आदिवासी समाज के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। सोमवार रात को पासी समाज का एक युवक बर्थडे पार्टी मना कर घर जा रहा था, तभी आदिवासी समाज के कुछ युवकों ने उसको रोक कर मारपीट शुरू कर दी। मामले की जानकारी लगते ही पासी समाज के लोग भी इक_ा हुए। इस दौरान दोनों ही समाज के लोगों में मारपीट शुरू हो गई देखते-देखते मारपीट पथराव तक जा पहुंची।



### दोनो पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

मामले में पासी समाज के लोगों ने बताया कि गांव के उधर से आदिवासी समाज के लोग झुंड बनाकर आए और हमारे घरों पर पत्थर फेंकने लगे। घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। वहीं आदिवासी समाज के लोगों का कहना हैं कि पासी समाज के लोग आए दिन हमारे लोगों को कुछ बोल कर निकलते है। विवाद के दौरान पासी समाज के लोग हथियार लेकर हमारे घरों में घुसे और तोडफ़ोड़ और मारपीट की।

### यह लोग हुए घायल

थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट में पासी समाज के आशीष पिता मोहनलाल, राजू पिता मोहनलाल, चेतन पिता सुभाष, बच्चू पिता अरुण, दिलीप पिता नत्थू लाला, सक्कू बाई केथवास, शुभम पिता मुन्नालाल, गुड्डू पिता छोटेलाल घायल हुए हैं। वहीं आदिवासी समाज के संतोष बारिया, महेंद्र कोरिया, कोमल कोरिया, अंकित कोरिया, शुभम कोरिया, रविशंकर कोरिया घायल हुए है। सभी घायलों का इलाज महू के निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

### पुलिस फोर्स तैनात

घटना के बाद गांव में एक चार का पुलिस फोर्स लगाया गया है। फिलहाल गांव में पूरी तरह से शांति है। कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि दोनों ही पक्षों की ओर से प्रकरण दर्ज किया गया है। अभी मामले की जांच जारी है।

# बुजुर्ग ने खुद को गोली मारी, सिर के आरपार हुई

## लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विजय नगर में 65 साल के बुजुर्ग ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। बुजुर्ग ने बुधवार देर रात पलंग पर लेटकर 12 बोर की राइफल से फायर किया। गोली सिर के आरपार निकल गई। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा है। विजय नगर पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम विजय शुक्ला है। उन्होंने सुसाइड से पहले बेटी को मैसेज किया था। शुक्ला की लाइसेंसी बंदूक है। सुसाइड से पहले शुक्ला ने इंदौर में रह रही दो बेटी को मैसेज किया कि इसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। उसमें लिखा कि वह परिवार को खुश रखना चाहता था। लेकिन रख नहीं पा रहा था। शुक्ला के पास सिक्योरिटी गार्ड की एजेंसी थी। इसके बाद मालवा मिल पर दुकान भी चलाते थे। बड़ा बेटा अहमदाबाद में नौकरी करता है। जबकि सुसाइड के वक्त छोटा बेटा हेंमत, बहू और तीन बच्चे अपने कमरे में थे। पत्नी की मौत हो चुकी है।

### शहर की अग्निशमन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाते हुए किया जाएगा विस्तारित

# नए फायर स्टेशन बनेंगे सात जगह

### अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए वाहन भी खरीदे जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अग्नि दुर्घटनाओं पर त्वरित और प्रभावी नियंत्रण के लिये इंदौर शहर की अग्निशमन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाते हुए विस्तारित किया जायेगा। इसके तहत शहर में सात नयी जगह नए फायर स्टेशन बनाये जायेंगे। शहर में अग्निशमन के लिये अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए वाहन भी खरीदें जायेंगे। शहर में शिप्रा और कान्ह नदी के शुद्धीकरण हेतु सात एसटीपी प्लांट बनाये जायेंगे।

यह जानकारी यहां कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, राजेन्द्र रघुवंशी, रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर शहर की अग्निशमन व्यवस्था को बेहतर बनाने के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर बताया गया कि जहां एक और बड़े और भीड़ वाले भवनों में अग्निशमन के प्रबंध सुनिश्चित कराये जा रहे है वहीं दूसरी ओर अग्निशमन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। इसके तहत शहर में निपानिया, कनाड़िया, पालदा, खंडवा रोड, हवा बंगला से राजेन्द्र नगर केट के बीच में, गांधी नगर क्षेत्र तथा बापट चौराहे से देवास नाके के बीच के क्षेत्र में नए फायर स्टेशन बनाये जायेंगे। साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए वाहन भी खरीदे जायेंगे। कलेक्टर आशीष सिंह ने इसके लिये अधिकारियों को भूमि चिन्हित कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये है।



बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि शहर में शिप्रा और कान्ह नदी के शुद्धीकरण हेतु सात एसटीपी प्लांट बनाये जायेंगे। इसके लिये भी भूमि आवंटन की कार्रवाई जारी है। श्री सिंह ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभाग समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने भिक्षावृत्ति के विरूद्ध चल रहे अभियान को भी गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन सुनिश्चित कराया जाये। आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर कार्रवाई करें। उन्होंने जल-जीवन मिशन के लक्ष्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

## युग पुरुषधाम के दस बच्चों की मौत पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, दोषियों को कड़ी सजा की मांग की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। युग पुरुषधाम अनाथ आश्रम के छह बच्चों की मौत को लेकर कांग्रेस ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। रीगल चौराहे स्थित गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेस ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिंह यादव ने बताया कि पिछले दिनों युग पुरुषधाम अनाथ आश्रम के बच्चों की लापरवाही की वजह से मृत्यु हो गई थी। दिवंगत अनाथ बच्चों की आत्मा की शांति के लिए एवं बच्चों की मौत के दोषियों को सजा दिलाने के लिए मौन श्रद्धांजलि मोमबत्ती जलाकर दी गई। बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार अनिता शर्मा, तुलसी शादीजा एवं राम निवास बुधौलिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई।

गांधी प्रतिमा पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, राजेश चौकसे, रघु परमार सहित अनेक लोग शामिल हुए। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने बच्चों को श्रद्धांजलि देने के साथ दोषियों के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज करके कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## 22 वर्षीय युवक ने मौत के बाद दी दो लोगों का जिंदगी, 57 वां ग्रीन कारिडोर बना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किडनी की बीमारी से पीड़ित इंदौर का 22 वर्षीय युवक आयुष पंजाबी सोमवार को ब्रेनडेड हो गया था। उसके अंग दो लोगों को जीवनदान देंगे। आयुष के फेफड़े इंदौर में बनाए गए 52 वें ग्रीन कॉरिडोर के जरिए चेन्नई भेजे गए, जबकि लीवर इंदौर के ही एक मरीज को लगेगा। आयुष का एक हाथ भी ट्रांसप्लांट होना था, लेकिन तकनीकी समस्या आने के कारण हाथ और दिल प्रत्यारोपित नहीं हो सका। हाथ लेने के लिए मुंबई के ग्लोबल अस्पताल की टीम भी इंदौर पहुंच गई थी, लेकिन प्रत्यारोपण की अनुकूलता नहीं होने के बाद टीम हाथ लिए बगैर चली गई। आयुष किडनी की बीमारी के कारण शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती था। सोमवार को डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि उसका ब्रेन काम नहीं कर रहा है। डॉक्टरों ने उसे ब्रेनडेड घोषित कर दिया। इसकी जानकारी अंगदान के क्षेत्र में सक्रिय संस्था मुस्कान ग्रुप को लगी। इसके बाद ग्रुप के सेवादार जीतू बगानी और संदीपन आर्य आयुष के परिवार से मिले। आयुष के परिजन अंगदान के लिए राजी हो गए। इसके बाद अंगदान की तैयारी शुरू हो गई। सोमवार शाम का आयुष के फेफड़े अपोलो अस्पताल चेन्नई के लिए रवाना किए गए। इसके लिए विशेष जुपिटर अस्पताल से इंदौर एयरपोर्ट के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। ट्रैफिक पुलिस ने चौराहों पर ट्रैफिक रोक कर एंबुलेंस को एयरपोर्ट पहुंचाया।

## आपसी सहयोग और समर्पण भाव से ही संघ मजबूत होगा:शलभ

### मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का नीमच प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को और अधिक सशक्त बनाने के लिये प्रत्येक सदस्य को समर्पण भाव से कार्य करना पड़ेगा। वर्तमान दौर में संघ की गतिविधियों के दौरान देखी जा रही विसंगतियों को दूर करने के लिये सभी एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करें। यह विचार मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के नीमच में रविवार क़ोआयोजित 24वें प्रांतीय सम्मेलन एंव प्रदेश कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता करते हुये संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने व्यक्त किये। उन्होंने संगठन के सभी सदस्यों को प्रेरित करने के लिये संगठन के हितचिंतक रहे राष्ट्रीय कवि, सांसद एवं पूर्व मंत्री बालकवि बेरागी की कविता का उल्लेख किया इसमें बेरागी जी ने लिखा था कि -

एक दिन सूर्य से इतना भर मैंने कहा..
आपके साम्राज्य में इतना अंधेरा क्यूं रहा।
तमतमाकर वो दहाड़ा
मैं अकेला क्या करूं.. तुम निकम्मों के लिये
मैं भला कब तक मरूं.. आकाश की आराधना
के चक्करों में मत पड़ो..
संग्राम यह बहुत घनघोर है..
कुछ मैं लडूं...कुछ तुम लड़ो..!

इस कविता के माध्यम से सभी साथियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिये जागरूक करने का प्रयास किया।

श्री भदौरिया ने पत्रकार एकता पर जोर देते हुए जनहित के लिये सकारात्मक एवं उत्कृष्ट पत्रकारिता करने को कहा। श्री भदौरिया ने संघ की सभी जिला इकाईयों से कहा है कि वर्ष 2025 के सदस्यता अभियान अन्तर्गत सदस्यता का लक्ष्य वर्तमान वर्ष से 25 प्रतिशत अधिक करें। नये ऊर्जावान पत्रकारों को संघ की गतिविधियों से जोड क़र संगठन को मजबूत करने का कार्य तेज गति से किया जाये। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों का जिक्र करते हुये अवगत कराया कि कुछ स्थानों से प्रांतीय सम्मेलन एवं प्रांतीय कार्यसमिति आयोजित किये जाने के प्रस्ताव इंदौर और सीहोर जिला इकाईयों से आये हैं। इन पर शीघ्र ही विचार कर निर्णय लिया जावेगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सासंद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक पूर्व पत्रकार दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरूद्ध माधव मारू, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, जिला कलेक्टर दिनेश जैन, जनसम्पर्क अधिकारी जगदीश मालवीय भी उपस्थित थे। सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदेय की पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती शिशु मंदिर की छोटी छोटी बालिकाओं की सरस्वती वंदना कर किया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश पदाधिकारी भी मौजूद थे। श्री जैन ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत अभिनंदन किया। प्रांतीय सम्मेलन एवं प्रांतीय कार्यसमिति बैठक का विषय प्रवर्तन करते हुये संघ के वरिष्ठ नेता शरद जोशी ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने,रेल रियायत पुनः शुरु करने, पत्रकार कल्याण आयोग गठित करने राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल नाको पर अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को छूट देने सहित पत्रकारों की 21 सूत्रीय मांगों को लेकर अतिथियों को अवगत कराया साथ ही मुख्यमंत्री को दिये ज्ञापन की प्रति भेंट की ।





मंचासीन पूर्व मंत्री एवं जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा की भाजपा सरकार हमेशा पत्रकारों के हितों पर सकारात्मक सोच के साथ काम करती है। हमारी सरकार ने पत्रकारों की अनेक मांगों को पूरा किया है। आगे भी हम पत्रकार हितों के लिए सदैव आपके साथ है। विधायक श्री सखलेचा ने सभी पत्रकारों से कहा कि आज भी समाचार पत्रों की महत्वा व गुणवत्ता जीवंत है क्योंकि सजग पत्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा के साथ कर रहा है। समाचार पत्र को आज भी विश्वसनीय माना जाता है, सोसल मीडिया का दायरा तो बढ़ रहा है लेकिन जनता में पेठ नहीं हो पा रही है। कार्यक्रम में नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा की पत्रकारों की तकलीफ परेशानियों को मैं अच्छे से जानता हूं क्योंकि में खुद पत्रकार रहा हूं इसलिए आप की हर उचित मांग को हम मुख्यमंत्री तक पहुंचाऐंगे और समाधान का प्रयास करेंगे। श्री परिहार ने मंच से स्वीकार किया कि एक दौर में जीवन यापन के लिये समाचार पत्र के वितरण से लेकर संपादकीय का कार्य ईमानदारी से किया था। इसलिये वह क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग ने अपनी पहुंच बनाने में सफल हो गये। वहीं मनासा विधायक अनिरूद्ध माधव मारू ने कहा की पत्रकार हमें जागरूक और जागृत करने का काम करते है। हम आपकी हर बात सरकार तक पहुंचा कर आपकी मांगों को पूरा कराने में सहयोगी बनेंगे। श्री मारू ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार पत्रकारों को भी अपनी कार्य की समीक्षा निरंतर करते रहना चाहिए। इसमें मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ भी अपनी भूमिका का निर्वहन करें। कलेक्टर दिनेश जैन ने कहा की प्रशासन ओर पत्रकार एक गाड़ी के दो पहिऐ है। आपके द्वारा उठाए हर बिन्दु पर हम गंभीरता से ध्यान देने का प्रयास करते है। इस कारण आम जनता का अत्यधिक हित होता है। प्रांतीय सम्मेलन में श्रमजीवी बुलेटिन विशेषांक का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षगण दिलीप सिंह भदौरिया मोहम्मद अली, उपेन्द्र गौतम, अनिल त्रिपाठी, महासचिव सुनिल त्रिपाठी,कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव,सदस्यता छानबीन एवम् अभियान समिति संयोजक सरलप्रताप सिंह भदौरिया,इलट्रोनिक मीडिया सेल संयोजक मनोज गोस्वामी, संयुक्त सचिव नीरज सिंह रघुवंशी,प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिकुमार शर्मा,उज्जैन,रामकिशोर अग्रवाल छतरपुर ,अमित द्विवेदी सिंगरौली, राजकुमार दुबे मुरैना सहित प्रदेश के सभी जिलों से प्रदेश पदाधिकारियों तथा संभाग व जिले के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। आगंतुक अतिथियों का नीमच जिला इकाई के अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं उनकी टीम ने स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम दो सत्र में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र प्रांतीय सम्मेलन और दूसरा प्रदेश कार्यसमिति बैठक के रूप में हुआ जिसमें पूर्व की बैठक के निर्णय और आगामी विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन कपिल सिंह चौहान एवं पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में बीते तीन माह के दौरान संगठन सदस्यों ,देश विदेश में हुये पत्रकारों के निधन देश की सीमा पर हमारी रक्षा करते शाहिद सैनिकों के प्रति उपस्थित सभी साथीगणों द्वारा अश्रुपूरित श्रद्धाजलि अर्पित की गई। इसमें मुरैना जिले के पहाडगढ़ निवासी डा. अरूण शर्मा सहित सभी मृतात्माओं की शांति हेतु उपस्थित साथियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।

## मुख्यमंत्री के आदेश की उडी धज्जियां

# जनसुनवाई के दिन भी अधिकारी कर्मचारी गायब







**DGR @ श्री राम बारोड**

**देपालपुर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य सचिव जिला कलेक्टर ने सभी विभागों एवं कार्यालय को आदेशित किया गया था कि कार्यालय का समय सुबह 10:00 बजे से 6:00 बजे तक रहेगा देपालपुर प्रेस क्लब की टीम ने आज उक्त आदेश के परिपालन में जमीनी हकीकत जानने के लिए जनपद पंचायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड शिक्षा समन्वयक प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 1 की वास्तविकता जानने के लिए कार्यालय का दौरा किया तो वास्तव में जमीन खिसक गई कि वास्तव में अधिकारी व कर्मचारी मुख्यमंत्री मुख्य सचिव व कलेक्टर के आदेशों का पालनपुर कितनी गंभीरता से करते हैं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल वर्मा पंचायत समन्वय राजेंद्र खरे पंचायत निरीक्षक सुभाष चौधरी के अलावा मनरेगा व स्वयं सहायता समूह के कार्यालय में टैबलेट खाली दिखाई तो कहीं के दरवाजे बंद बीआरसी कार्यालय में तो अधिकारियों के



दरवाजे ही बंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी माधव सिंह बामनिया



के कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए वह सारी टैबले खाली पाई गई प्राथमिक विद्यालय क्रमांक एक में 10 20 तक ताला ही नहीं खुला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कहा तो खूब जाता है लेकिन हकीकत कुछ और नजर आ रही है लाखों रुपए का वेतन पाने वाले कर्मचारी व अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति कितने समर्पित एवं निष्ठावान है इसी से पता चलता है जब अधिकारी ही कुर्सी से गायब मिलेअधिकारीअपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर किस तरह से आम जनता का काम किस तरह से होता होगा यह देखा जा सकता है।

इतनी बड़ी लापरवाही कहानी प्रदेश की भाजपा सरकार के मुखिया मोहन यादव की सरकार को बदनाम करने का यह अधिकारी व कर्मचारी हिस्सा तो नहीं बन रहे हैं अब देखना यह है कि जिला अधिकारी इन अधिकारियों व कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई करते हैं। इस मामले को लेकर टीम द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन से फोन पर जानकारी जानना चाहि तो फोन नहीं उठाया।

## 12साल की मासूम से पिता ने की हैवानियत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। तलाकशुदा महिला ने पति की शिकायत की है। महिला का आरोप है कि उसके पति ने अपनी ही बेटी के साथ हैवानियत की। तलाक के बाद बेटी पिता के साथ ही रह रही थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।

मामला आजाद नगर इलाके का है। पुलिस के मुताबिक एक महिला अपनी 12 साल की बेटी को लेकर रविवार को थाने पहुंची। बेटी ने पुलिस को बताया कि पिता उसके साथ गलत हरकत करते हैं। महिला ने बताया कि 2012 में उसने प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद एक बेटी और एक बेटा है। पति की हरकतों से परेशान होकर 2020 में उनका तलाक हो गया। छोटे बेटे को महिला अपने साथ ले आई। जबकि पति ने बेटी को अपने साथ ले गया। रविवार को बेटी ने मां को बताया कि जब घर पर कोई नहीं होता तब पिता मेरे साथ गलत हरकत करते हैं। दो साल पहले उन्होंने जब घर बन रहा था तब पिता ने पहली बार ऐसी हरकत की थी। उन्होंने डराया कि यह बात किसी को नहीं बताए। 15 दिन पहले भी पापा ने इस तरह की हरकत की। पापा वह जब सो रहे थे तो चुपचाप घर से भागकर मौसी के यहां पहुंची और उन्हें पापा की हरकतों के बारे में बताया। पीड़िता की मां भी यहीं पहुंची तब वह मां से लिपटकर रोने लगी। पुलिस ने बच्ची के बयान के बाद पिता पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर पिता को हिरासत में ले लिया है।

## दो शातिर चोरों से 16 मोबाइल बरामद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। राहगीर से मोबाइल झपटने के मामले में तेजाजी नगर पुलिस ने मात्र 24 घंटे में दो बदमाशों को पकड़ लिया। बदमाशों से 16 मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। पकड़े गए बदमाश पर थाने में मारपीट, चोरी के तीन मामले पहले से पंजीबद्ध है।

टीआई देवेन्द्र मरकाम को फरियादी पीयूष पिता राजू सेन निवासी तेजाजी नगर ने बताया कि वह आवश्यक कार्य से 20 जुलाई को अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। इस दौरान किसी का कॉल आने पर वह बाइक रोककर बात कर रहा था। तभी बाइक पर आए तीन बदमाश मोबाइल झपटकर भाग निकले। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर लूट का केस दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। आरोपियों को पकड? टीम गठित करने के साथ मुखबीर तंत्र भी सक्रिय किए गए थे। इसी बीच, मुखबीर से सूचना मिली कि एक अपचारी और उसका साथी सस्ते दाम पर मोबाइल बेचने रालामंडल के पास खड़ा है। सूचना पर सादी वर्दी में पुलिस जवान ग्राहक बनकर पहुंचे। मोबाइल खरीदने के दौरान जवानों ने बिल मांगा तो बदमाश इधर-उधर की बात करने लगा। सख्ती से पूछताछ की तो उसने मोबाइल चोरी का होना बताया। पकड़े गए आरोपी का नाम हर्ष पिता अनिल अमोलिया निवासी ग्राम मरीमाता मोरोद है। दोनों आरोपी महंगा शौक पूरा करने तथा नशे की लत के चलते वारदात करते थे। आरोपी से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बुजुर्ग से गले मिला, मोबाइल और रुपए निकाले

### फुटेज के बाद पकड़ाया,600 मोबाइल कांड में सबसे पहले पकड़ाया था आरोपी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। सराफा में एक चोर ने बुजुर्ग के गले मिलकर मोबाइल और जेब के रूपए पर हाथ साफ कर दिया। बुजुर्ग ने फुटेज निकाले पुलिस को बताए। पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। कुछ समय पहले आरोपी को रावजी बाजार पुलिस ने पकड़ा था। उसकी लिंक से 600 मोबाइल का खुलासा हुआ था। वह जेल से छूटा और फिर वारदातें करने लगा।

सराफा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक संदीप खंडेलवाल(61)निवासी स्कीम नंबर 71 बी की शिकायत पर पुलिस ने विक्की उर्फ नादिया पुत्र ओमप्रकाश को मोबाइल और रूपए चोरी करने के मामले में आरोपी बनाया है। विक्की को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया। एक दिन पहले उसने वारदात को अंजाम दिया। उसने बुजुर्ग संदीप को गले लगाया और कहां कि काका क्या हालचाल है। संदीप ने कहां कि वह उसे नही पहचाना। लेकिन आरोपी ने परिचित होने की बात कर मोबाइल और रूपए जेब से निकाले ओर चले गया। कुछ देर बाद संदीप को मोबाइल नही मिला तो उन्हें विक्की पर शक हुआ। इसके बाद एक दुकान के फुटेज देखे। जिसमें वह मोबाइल उपर की जेब से निकालते दिख रहा है।

### पति और सास ने पीटा

**इंदौर**। महू में शराबी पति और सास ने मिलकर महिला की जमकर कुटाई कर डाली । पति शराब पीकर आया था इस बात को लेकर पीडिता ने आपत्ति ली थी। पीडिता का नाम मोनिका कदम निवासी सुतार खेड़ी है। उसकी शिकायत पर उसके पति कपिल और सास गायत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि कपिल रोज शराब पीकर आता है और विवाद करता है। बीती रात भी उसने शराब के नशे में विवाद किया। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने पुरानी बातें निकाल कर मारपीट चालू कर दी। डंडा उठाकर पत्नी को जमकर पीटा।

## पुलिस ने दो चोरो को पकड़ा अनेक वारदातें कबूली

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। पलासिया पुलिस ने दो चोरो को पकड़ा है। आरोपियों से आधा दर्जन से अधिक चोरियों के बारे में जानकारी मिली है। चोरो ने पलासिया के साथ विजयनगर इलाके में वारदात को अंजाम दिया था। सीसीटीवी में चोर कैद हुए थे। इसके बाद से पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। पलासिया पुलिस की टीम ने साहिल बंजारा और कालू सोलंकी नाम के दो बदमाशों को पकड़ा है। आरोपियों ने कुछ दिन पहले पलासिया थाने में पूजा सेनेटरी नाम की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनो बदमाशों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने विजयनगर में कुछ दिन पहले हुई चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया है। आरोपियों ने यहां एक के बाद एक कई चोरी की वारदातों को अजांम दिया था। अफसर जल्द मामले का खुलासा करेगे।

## फिनिक्स कॉलोनी की रजिस्ट्री को लेकर हाईकोर्ट का आदेश

### डायरेक्टर को उठाना होगा प्लाटधारकों की रजिस्ट्री का खर्च

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। फिनिक्स, सेटेलाइट, कालिंदी गोल्ड कॉलोनी को लेकर चल रही सुनवाई में इंदौर हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है।

चार सप्ताह के भीतर कंपनी के डायरेक्टर रितेश उर्फ चंपू अजमेरा और लिक्विडेटर को प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा है। प्लाट धारकों की रजिस्ट्री में होने वाले संशोधन को पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। फिनिक्स कॉलोनी के प्लाट धारकों को जिला प्रशासन ने रजिस्ट्री के बावजूद जमीन नहीं होने पर कब्जा दिलवाया था।

नई जमीन की रजिस्ट्री नहीं होने से प्लाटधारक परेशान है। सभी 22 प्लाट धारकों के डॉक्यूमेंट तैयार करवाए जाएंगे और रजिस्ट्री का खर्च कंपनी की तरफ से रितेश उर्फ चंपू अजमेरा द्वारा उठाया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

# कुबेरेश्वरधाम पर आस्था का सैलाब, सावन के पहले सोमवार पर हजारों कावड़िए पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी सावन के पहले सावन सोमवार पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूरी आस्था और उत्साह के साथ कावड़ लेकर कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की आराधना में लीन है। गत दिनों सात दिवसीय शिव महापुराण के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं से सावन में तीन कार्य करने का जो आह्वान किया था, उसका असर पूरे देश में दिखाई दे रहा है।**

पंडित श्री मिश्रा ने कथा के दौरान कहा था कि सावन में दो लोटा जल, वेल पत्री के वृक्ष के नीचे भगवान का जाप और तीसरा पौधा रोपण करें। इस बात को ध्यान में रखते हुए सीहोर से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक भगवान शिव के भक्त हाथों में दो लोटा जल लेकर भगवान शंकर के जय घोष के साथ पहुंच रहे हैं।

सोमवार को हजारों की संख्या में जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया



हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे आस्थावान श्रद्धालुओं ने भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में बाबा की आरती की। इस मौके पर करीब 30 हजार से अधिक कावड़ यात्री पहुंचे थे। विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा, आशीष वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, पंडित शिवम मिश्रा, आकाश शर्मा आदि ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल के अलावा प्रसादी का वितरण किया।

### घाट पर साफ-सफाई और कावड़ यात्रियों की व्यवस्था की मांग

जिला संस्कार मंच सहित अन्य ने हर साल की तरह इस साल भी शहर की जीवनदायनी सीवन नदी के घाट की साफ-सफाई और प्रकाश के अलावा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था के इंतजाम के अलावा ट्रैफिक आदि की व्यवस्था की मांग की है।

### पूरे सावन में लाखों श्रद्धालु आएंगे कुबेरेश्वरधाम पर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर पर हर साल की तरह इस साल भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु आस्था और उत्साह के साथ धाम पर पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। सावन के पूरे माह श्रद्धालु यहां पर जयकारे के साथ आते हैं। 17 अगस्त को भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए समिति द्वारा अभी से तैयारियां की जा रही है।

# पातालकोट में डायरिया से दो की मौत

### कुएं-झिरियों का पानी पीने से उल्टी-दस्त का शिकार हुए लोग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** तामिया के पातालकोट स्थित ग्राम चिमटीपुर और रातेड़ में डायरिया फैला हुआ है। यहां कुएं-झिरिया का पानी पीने से ग्रामीण उल्टी-दस्त का शिकार हुए हैं। चिमटीपुर में उल्टी-दस्त से पीड़ित एक महिला और रातेड़ में एक बच्ची ने दमतोड़ दिया। वहीं, एक दर्जन से अधिक मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। मामला सामने आने पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांवों में पहुंचकर मरीजों को इलाज दे रही है।

पातालकोट में शनिवार को उल्टी-दस्त से पीड़ित चिमटीपुर निवासी नीतेश भूरालाल, रामकृष्ण राकेश और अशोक फुलदास को तामिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

डायरिया से जूझ रही चिमटीपुर 50 वर्षीय अमरवती भारती की मौत हो गई। इसके बाद बीमार मतथे, रज्जू, करन, रंजना, वर्षा, प्रतिक्षा, बिरजू, अदितिका, प्रभा को तामिया अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। इसी तरह रातेड़ में भी डायरिया फैला हुआ है। रातेड़ निवासी बिसनलाल भारती की दो वर्षीय बेटी शारदा की उल्टी-दस्त से मौत हो गई। उसकी दूसरी बेटी को छिंदी अस्पताल में भर्ती कर किया गया है। इस गांव के छह ग्रामीण विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं।

### कुएं और झिरिया के पानी से फैला डायरिया

तहसीलदार उमराज सिंह वलादे ने बताया कि दो दिन पहले तेज बारिश से चिमटीपुर छात्रावास के पीछे स्थित कुआं और रातेड़ स्थित झिरिया ओवरफ्लो हुई थीं। संभवतः बारिश के पानी के साथ गंदगी इन जलस्त्रोतों में चली गई, जिससे यह पानी दूषित हो गया। दूषित पानी पीकर दोनों गांव में डायरिया फैला है। कुएं और झिरिया के पानी की जांच के लिए सैंपल लिए है और पानी साफ करने दवा डाली है।

### स्वास्थ्य टीम डोर टू डोर कर रही सर्वे

स्वास्थ्य विभाग की टीम दोनों गांवों में डेरा डाले हुए है। दोनों गांव में डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। डायरिया समेत अन्य बीमारी के मरीजों को इलाज दिया जा रहा है। गंभीर मरीजों को प्राथमिक इलाज के बाद तामिया या जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

# 'भगवा आतंकवाद' शब्द के इस्तेमाल पर हिंदू संगठनों का विरोध, उग्र आंदोलन की चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर शहर में बीते दिनों दिए एक ज्ञापन के दौरान भगवा आतंकवाद शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर अब हिंदू संगठन खासे नाराज दिखाई दे रहे हैं। इसके चलते उन्होंने इस पर मामला दर्ज करने को लेकर एक ज्ञापन भी नगर पुलिस अधीक्षक को दिया है। इसके साथ ही सात दिन में कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

बता दें कि बीते शनिवार को नगर के कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नेता फरीद काजी ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को एक ज्ञापन महामहिम के नाम सौंपा था। उसमें मांग की गई थी कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मस्जिद में तोड़फोड़ करने वाले लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। इस दौरान



### कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन

इधर, थाने पहुंचे नगर के हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अजीत परदेसी ने बताया कि अभी दो दिन पहले ज्ञापन सौंपते समय भगवा आतंकवाद के नारे लगाए गए। हम इसका विरोध करते हैं। हमने इसे लेकर शिकायत की है और पुलिस ने जांच के बाद जल्द कार्रवाई की बात कही है। यदि कार्रवाई नहीं होती है तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं नर्मदानंद गिरी महाराज ने बताया कि भगवा आतंकवाद कहना गलत है। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन देने आए लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की थी, जिसमें भगवा आतंकवाद शब्द का भी इस्तेमाल किया गया था। इसी को लेकर नाराज हिन्दू जागरण मंच समेत शहर के दूसरे हिन्दू संगठन के पदाधिकारी भी कोतवाली थाने पहुंचे थे। इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी दिया गया।

### पुलिस बोली, जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

इसके साथ ही उदासीन आश्रम के महंत पुष्करानंद महाराज ने बताया कि सावन का महीना चल रहा है, ऐसा नहीं होना चाहिए था। ऐसे लोगों पर एफआईआर दर्ज हो। भगवा रंग हिन्दू धर्म में पूजनीय है। ऐसे में इस तरह की सांप्रदायिक बातें करना उचित नहीं है। यदि कार्रवाई नहीं होती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इधर, इस पूरे मामले को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ने बताया कि ये मामला अभी उनके संज्ञान में आया है। इसमें जो भी तथ्य होंगे उन्हें देख कर जांच के बाद ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भारी बारिश में गिरवर स्टेशन के नजदीक मलबे में दब गया रेलवे ट्रैक, रेल यातायात हुआ बाधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर जिले की रेलवे स्टेशन गिरवर के आगे रेलवे ट्रैक पर भारी बारिश के चलते पटरियों पर मिट्टी मलवा आ गया। इस कारण रेल यातायात बाधित हो गया। रेलवे ट्रैक कुछ देर के लिए पूरी तरह से बंद हो गया। बताया जा रहा है कि इस रेलखंड पर तीसरी लाइन का काम चल रहा है, जिसके लिए खोदी गई मिट्टी का मलवा बारिश के पानी में बहकर



पटरियों पर पहुंच गया और यह हालात बन गए।

रेलवे के कर्मचारी मलवा हटाने में जुटे हुए हैं। एक पटरी को चालू कर दिया गया है, लेकिन उस पर भी अभी पानी भरा हुआ है। वहीं दूसरी पटरी पर अधिक मलवा आ जाने के कारण अभी बंद है, जिसका मलवा हटाने का कार्य जारी है। उम्मीद है कि कुछ समय बाद रेल यातायात सामान्य हो सकेगा।

# संपादकीय

## भरोसे की कमी

बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन के हिंसक रुख अख्तियार कर लेने से वहां की सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। वहां के युवा न तो पुलिस-प्रशासन की बात सुनने को तैयार हैं और न प्रधानमंत्री शेख हसीना के अनुरोध और दलील का उन पर कोई असर हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान हिंसा से अब तक सौ से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों घायल हुए हैं। हालात इस कदर बिगड़ गए हैं कि पूरे देश में कर्फ्यू लगाना पड़ा और उग्र प्रदर्शनकारियों को 'देखते ही गोली मारने' के आदेश दे दिए गए हैं। ऐसे में वहां रह रहे भारत, नेपाल और भूटान समेत अन्य देशों के लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुतबिक, बांग्लादेश में करीब पंद्रह हजार भारतीयों के होने का अनुमान है। इनमें लगभग साढ़े आठ हजार विद्यार्थी हैं। अब तक एक हजार से अधिक भारतीय विद्यार्थी स्वदेश लौट आए हैं। केंद्र सरकार की ओर से बाकी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के प्रयास जारी हैं। इस बीच, बांग्लादेश-भारत सीमा पर सतर्कता बढ़ाने की मांग भी उठने लगी है। दरअसल, बांग्लादेश में हिंसक आंदोलन पर उतरे युवा उस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं, जिसके तहत वर्ष 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में लड़ने वाले पूर्व सैनिकों के आश्रितों को सरकारी नौकरियों में तीस फीसद तक आरक्षण का प्रावधान है। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि आरक्षण की इस व्यवस्था के जरिए प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थकों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। गौरतलब है कि शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने मुक्ति संग्राम आंदोलन का नेतृत्व किया था। प्रधानमंत्री शेख हसीना का कहना है कि युद्ध में भाग लेने वालों को सम्मान मिलना चाहिए, भले वे किसी भी राजनीतिक संगठन से जुड़े हों। बांग्लादेश सरकार और प्रदर्शनकारियों की दलीलें अपनी जगह हैं, लेकिन क्या अपनी मांगों को मनवाने की हिंसा ही एकमात्र उपाय है? जहां प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्वक अपनी बात सरकार के समक्ष रखनी चाहिए, वहीं सरकार को चाहिए कि सड़कों पर उतरे युवाओं को किसी तरह भरोसे में ले, ताकि पहले हिंसा थमे।

**Quote...**

"May you live all the days of your life."
-Jonathan Swift

isha



खुद को वैसा बनाना, जैसा आप चाहते हो... मैं इसी को इनर इंजीनियरिंग कहता हूं।

– जग्गी वासुदेव

**Health is Wealth**

# आपकी कमजोर याददाश्त का कारण बन सकती हैं ये 5 बुरी आदतें

**समय रहते सुधार लें**



आज दुनियाभर में वर्ल्ड ब्रेन डे 2024 मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के प्रति लोगों को शिक्षित करना है, ताकि समय रहते मस्तिष्क से जुड़ी समस्याओं को दूर किया जा सके। विश्व मस्तिष्क दिवस 2024 के इस खास मौके पर जानते है रोजमर्रा की 5 ऐसी आदतों के बारे में, जो धीरे-धीरे आपकी दिमागी सेहत को नुकसान पहुंचाकर आपकी याददाश्त को कमजोर बनाती हैं। बता दें, आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में याददाश्त और दिमाग का कमजोर होना, चिंता, तनाव, अवसाद, बाइपोलर डिसऑर्डर सहित कई गंभीर दिमाग से जुड़ी समस्याओं से लोग परेशान रहते हैं। इन परेशानियों को रूटिन में कुछ आसान बदलाव करके दूर किया जा सकता है। लेकिन उससे पहले यह जानेंगे कि रूटिन लाइफ की वो कौन सी आदतें हैं, जो आपकी याददाश्त को कमजोर बनाती हैं।

### मल्टीटास्किंग

अगर आप समय बचाने के लिए एक साथ कई काम साथ लेकर बैठ जाते हैं तो अपनी इस आदत को बदल डालें। एक साथ कई काम करने से दमिाग पर बुरा असर पड़ता है। बता दें, मल्टीटास्किंग व्यक्ति की याददाश्त कमजोर हो सकती है। दरअसल, एक साथ कई काम करने से व्यक्ति को तनाव होने लगता है और तनाव के कारण भी याददाश्त कमजोर हो सकती है। ऐसे में तनाव से बचने के लिए एक काम खत्म करने के बाद ही दूसरा काम अपने हाथ में लें।

### नींद की कमी-

सेहतमंद बने रहने के लिए हर व्यक्ति को रोजाना 7 से 8 घंटों की नींद लेनी चाहिए। ऐसा ना करने पर याददाश्त पर बुरा असर पडऩे लगता है और वह कमजोर हो सकती है।

### मील्स स्किप करना

डाइट में जंक फूड शामिल करना, मील्स स्किप करना, दोनों ही आदतें आपकी मेमोरी पर बुरा असर ड़ाल सकती हैं। हेल्दी और नियमित डाइट न लेने से शरीर में एनर्जी की कमी हो जाती है और याददाश्त कमजोर हो सकती है। इसके अलावा भोजन में पोषक तत्वों की कमी जैसे कि ओमेगा 3 फैटी एसिड, विटामिन बी और विटामिन डी के साथ ही एंटीऑक्सीडेंट ब्रेन फंक्शन को प्रभावित कर सकते हैं। जिसका मेमोरी पर नकारात्मक असर पड़ता है। ब्रेन फंक्शन को इंप्रूव करने के लिए डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स, बेरीज जैसी चीजों को नियमित रूप से डाइट में शामिल करें।

### मीठी चीजें

एनसीबीआई पर प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, जो चीजें आपके दिल को नुकसान पहुंचाती हैं, वही चीजें आपके दिमाग को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। उदाहरण के लिए ज्यादा मीठा और वसायुक्त भोजन दिल के साथ दिमागी सेहत के लिए भी अच्छा नहीं होता है। इस तरह के भोजन का अधिक सेवन करने से दिमाग का आकार छोटा हो सकता है, जिससे याददाश्त कमजोर हो सकती है। मीठी चीजों की जगह अपनी डाइट में सब्जियां, साबुत अनाज, मछली और जैतून के तेल जैसी चीजों को शामिल करें।

### पूरे दिन एक जगह बैठे रहना

अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के 2019 के एक अध्ययन के अनुसार, ज्यादा देर तक बैठे रहना याददाश्त को कमजोर करने का एक कारण बन सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि हर घंटे में पांच मिनट उठकर थोड़ा टहल लेने से आपको फायदा मिल सकता है।

New Delhi

# खांसी की दवाई में जहर! सरकार के क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गईं 100 से ज्यादा कफ सिरप

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कफ सिरप को लेकर भारत की फार्मा कंपनियों पर दुनिया के कई देशों में सवाल उठने के बाद अब सरकारी रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से कम 100 कफ सिरप क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गई हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि गांबिया, उज्बेकिस्तान और कैमरून में बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदारी बताई गईं खांसी की सिरप में जो टॉक्सिन मौजूद थी वही टॉक्सिन इन सिरप में भी पाया गया है।

सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक डाइएथिलीन ग्लाइकोल और एथिलीन ग्राइकोल पाए जाने की वजह से 100 कंपनियों के कफ सिरप को



''नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' की श्रेणी में रखा गया है। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक स्वास्थ्य मंत्रालय को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि डीईजी/ईजी, माइक्रोबायोलॉजिकल ग्रोथ, पीएच वॉल्यूम के आधार पर कफ सिरप को एनएसक्यू की श्रेणी में रखा गया है।

7087 बैच दवाओं की जांच की गई जिनमें से 353 को एनएसक्यू की श्रेणी में रखा गया। वहीं 9 सैंपल में डीईजी और ईजी की मात्रा थी। गुणवत्ता ठीक ना होने की वजह में डीईजी और ईजी की उपस्थिति के अलावा असुरक्षित सप्लाई चेन और प्रोपिलीन ग्लाइकोल बल्क टेस्टिंग में फेल होने को बताया गाय है। कई देशों में बच्चों की मौत के बाद भारत में बनने वाली कफ सिरप पर सवाल खड़े किए गए हैं। इसके बाद सरकारी और प्राइवेट लैब्स में इनकी जांच की जा रही है।

New Delhi

# हत्या की कोशिश के लिए नहीं हो सकती 10 साल से ज्यादा की जेल, SC ने किया साफ



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह साफ कर दिया है कि हत्या के प्रयास के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्ति को दस साल से ज्यादा सश्रम कारावास की सजा नहीं दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर आजीवन कारावास की सजा ना मिली हो तो अपराधी को इससे ज्यादा अवधि तक जेल में नहीं रखा जा सकता है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 के तहत सजा को स्पष्ट करते हुए जस्टिस सीटी रविकुमार और राजेश बिंदल की पीठ ने हत्या के प्रयास के मामलों के लिए निर्धारित अधिकतम सजा का पालन करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हत्या के प्रयास के लिए सजा के मामले में कानून स्पष्ट है। आईपीसी की धारा 307 के पहले भाग में अधिकतम दस साल कारावास की सजा निर्धारित की गई है जबकि दूसरे भाग में आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा, "जब कानून ने स्पष्ट शब्दों में धारा 307 आईपीसी के पहले भाग के तहत आरोप साबित होने पर अधिकतम सजा निर्धारित की है और जब संबंधित कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी ठहराते समय आजीवन कारावास की सजा नहीं दी, तो किसी भी परिस्थिति में दोषी को दी जाने वाली सजा आईपीसी की धारा 307 के पहले भाग के तहत निर्धारित सजा से अधिक नहीं हो सकती।" गौरतलब है कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), जो 1 जुलाई से लागू हुई है, की धारा 109 के तहत हत्या के प्रयास को इन्हीं प्रावधानों के साथ बरकरार रखा गया है।

Jammu & Kashmir

# सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम, एक जवान घायल, सर्च ऑपरेशन जारी

**जम्मू और कश्मीर, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर के बट्टल सेक्टर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सुबह तीन बजे घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया। उन्होंने आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई है। जिसमें एक जवान घायल हो गया है। फिलहाल, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।**

जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले में आतंकियों ने एक सुरक्षा चौकी और एक ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के घर पर हमला बोल दिया। सोमवार को हुए हमले में वीडीजी के परिवार के एक सदस्य और एक जवान घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में सेना के जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया, लेकिन उसका शव अभी बरामद नहीं हो सका है। बाकी के आतंकियों की तलाश में सुरक्षा बलों ने पैरा कमांडो के साथ इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है।

Uttarpradesh

# पत्नी की शिकायत पर पति को घर से उठा ले गई पुलिस, हवालात में डाल रात भर पीटा, दारोगा समेत दो कॉन्स्टेबल सस्पेंड

**रामपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश की रामपुर पुलिस पर एक दलित शख्स को चौकी में बंद करके थर्ड डिग्री देने का आरोप लगा है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस शख्स को पकड़कर चौकी लाई थी. लेकिन यहां पर उसके साथ बर्बरता की गई. पीड़ित के शरीर पर पिटाई के निशान हैं. मामले में दारोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है. मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है. बता दें कि पूरा मामला रामपुर के शाहबाद थाना इलाके का है, जहां ढकिया पुलिस चौकी क्षेत्र में रहने वाले पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था. जिसपर पत्नी ने थाने में जाकर अपने पति ऋषिपाल के विरुद्ध शिकायत कर दी. आरोप है कि शिकायत सुनकर पुलिस वाले इतना आग बबूला हो गए कि ऋषिपाल को पीटते हुए चौकी ले आए और



रात में उसको थर्ड डिग्री दे डाली. पुलिस ने चौकी में बंदकर ऋषिपाल को इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी बॉडी पर पिटाई के निशान उभर आए. उसको मरणासन्न कर दिया. सुबह जब पीड़ित ऋषिपाल की पत्नी मिलने आई तो पति की हालत देख उससे रहा नहीं गया और वो पति को छुड़ाकर घर ले गई. ऋषिपाल दलित समाज से है. उसका आरोप है कि उसकी जाति पूछकर पुलिस ने और भी बेदर्दी से पीटा. पुलिस की पिटाई से उसकी बॉडी नीली पड़ चुकी है.

खेल

# नए कोच और कप्तान के साथ श्रीलंका पहुंची भारतीय टीम एयरपोर्ट पर दिखा खिलाड़ियों का मस्ती भरा अंदाज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच गई। नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और नए कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में टीम इंडिया सोमवार को मुंबई से श्रीलंका के लिए रवाना हुई थी। अब टीम वहां पहुंच चुकी है और भारतीय खिलाड़ियों की तस्वीरें भी सामने आई हैं।



## बीसीसीआई ने साझा किया खास वीडियो

भारतीय टीम के श्रीलंका पहुंचने की जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दी। बोर्ड ने इस टीम का एक खास वीडियो साझा किया है जिसमें भारतीय खिलाड़ियों को मस्ती करते देखा जा सकता है। उन्हें फैंस के साथ सेल्फी लेते देखा जा सकता है। वहीं, गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव के अलावा अन्य खिलाड़ी एयरपोर्ट से निकलकर टीम बस में सवार होते दिख रहे हैं। बस में भी खिलाड़ी चिल मोड में नजर आ रहे हैं।

## भारत के श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम

भारतीय टीम इस दौरे पर तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज खेलती नजर आएगी। टी20 सीरीज का आगाज 27 जुलाई से होगा। दूसरा मैच 28 और तीसरा मुकाबला 30 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं, वनडे सीरीज की शुरुआत दो अगस्त को होगी। इस सीरीज का दूसरा मैच चार अगस्त और तीसरा मैच सात अगस्त को खेला जाएगा। भारतीय टीम वनडे सीरीज में रोहित शर्मा के नेतृत्व में खेलती नजर आएगी।

## सूर्या संभालेंगे टी20 टीम की कमान

तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया गया है। वहीं, शुभमन गिल को उप-कप्तानी का जिम्मा सौंपा गया है। यह पहला मौका नहीं है जब सूर्या टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। इससे पहले सूर्यकुमार यादव पिछले साल नवंबर, 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत की कप्तानी संभाल चुके हैं। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने इस सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया था। इसके बाद उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी दिसंबर में कप्तानी का मौका था। इस सीरीज को भारत ने 1-1 से बराबर किया था। उम्मीद है वह भारत को इस सीरीज में जीत दिलाने में कामयाब होंगे।

सिनेमा

# राहत फतेह अली खान दुबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार? सिंगर ने शेयर की पोस्ट- दुश्मनों ने जो चाहा नहीं हुआ



खबर आ रही थी कि मशहूर पाकिस्तानी गायक राहत फतेह अली खान को दुबई एयरपोर्ट से हिरासत में ले लिया गया. जयो टीवी के हवाले से ये बात सामने आई कि पुलिस स्टेशन से राहत फतेह अली खान से कई घंटों से पूछताछ चल रही है. हालांकि अब जो वीडियो सामने आया है वो कुछ और ही कहानी कहता दिखा.

वीडियो में राहत फतेह अली खान अपनी गिरफ्तारी की बात को नकारते दिखे. हालांकि ऐसा उन्होंने सीधे सीधे नहीं कहा. उन्होंने गिरफ्तारी की बात को नजरअंदाज करते हुए कहा कि मैं दुबई में अपने गाने रिकॉर्ड करने के लिए आया हुआ हूं. और सब ठीक है. मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि ऐसे घटिया अफवाहों पर बिल्कुल भी कान ना धरें. ऐसा कुछ भी नहीं है जैसा दुश्मन सोच रहे हैं. मैं जल्द ही अपने वतन लौटूंगा और आपको नए गाने से सरप्राइज करूंगा.

राहत का ये वीडियो कई सवाल खड़े कर रहा है. क्योंकि वीडियो में राहत ने कभी भी अपनी गिरफ्तारी की बात का जिक्र नहीं किया है. उन्होंने ये खंडन भी नहीं किया कि उन्हें दुबई में डिटेन किया गया था या नहीं. ये बात सभी को हैरान कर रही है कि अगर ऐसा नहीं हुआ था तो सिंगर ने

## Highlights

1. ₹1.48 lakh crore for education, employment, skilling in Union Budget
2. What happened when Union Budget was leaked in 1950?
3. Watch India's Union Budget 2024-25 Live!
4. Google Maps location warns motorists about police checkpoint in Chennai
5. K'taka Cabinet clears resolution to scrap NEET exam, plans to conduct own test

# 'Service' and 'growth' are the most used words in the Economic Survey



**NEW DEIHI, (Agency).** The Economic Survey 2023-24, presented by Finance Minister Nirmala Sitharaman in the parliament on July 22, 2024 used the words 'Service' and 'growth' the most.

The word 'service' was used a grand total of 433 times and the word 'growth,' 402 times. This was followed by 'State' (366 times), 'global' (343 times), and 'development' (301 times).

What is the Economic Survey?

The Economic Survey is a report on the state of the economy during the year. It is prepared by the Department of Economic Affairs (DEA) of the Finance Ministry, under the guidance of the Chief Economic Adviser and approved by the Finance Minister.

It is always presented on the previous day of the Union Budget's presentation.

What did the Economic Survey 2024 show?

The Economic Survey 2024 showed that India's GDP is expected to grow between 6.5 to 7% during the financial year 2024-25. The International Monetary Fund's (IMF) estimate was 7%.

It also showed that retail inflation declined to 5.4% during 2023-24, compared to 6.7% during the previous year.

Inflationary pressures were "stoked by global troubles, supply chain disruptions, and vagaries of monsoons," according to the survey.

Gross Fixed Capital Formation, which reflects capital expenditure, increased by 9% in 2023-24.

# Black paint smeared on Biocon board after Kiran Mazumdar-Shaw opposes Karnataka job Bill

**NEW DEIHI, (Agency).** Name boards of Biocon were defaced by unidentified people days after company's founder and chairperson Kiran Mazumdar-Shaw called for an exemption of highly-skilled labour from the proposed job quota policy in Karnataka. A video, which was widely shared on social media, showed a man dressed in black applying black spray paint on at least two Biocon name boards.

Kiran Mazumdar-Shaw earlier said that the job reservation Bill would affect Bengaluru's position as the leading tech city in the country as she called for the




exemption of highly-skilled labour from the policy. The Bill mandates 50 per cent reservation for locals in management jobs and 70 per cent in non-management categories. She wrote on X (formerly Twitter), "As a tech hub, we need skilled talent. And whilst the aim is to provide jobs for locals we must not affect our leading position in technology by this move. There must be caveats that exempt highly skilled recruitment from this policy." The implementation of the Bill has been delayed by the Karnataka government following massive backlash. Karnataka chief minister's office said in a statement, "The bill intended to implement reservation for Kannadigas in private sector institutions, industries and enterprises is still in the preparation stage. A final decision will be taken after comprehensive discussion in the next cabinet meeting."

# टीआई की वर्दी पहनकर घूम रहा था, सीआरपीएफ का सिपाही

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। लसूडिया इलाके में सोमवार रात नकली टीआई पकड़ाया है। वह एक हम्माल को सडक़ पार करते समय टक्कर मारकर भाग रहा था। जिसे हम्माल ने अपने साथी के साथ पीछा कर पकड़ लिया। विजयनगर थाने के पास हम्माल को डराने के लिये टीआई ने नकली पिस्टल भी तान दी थी। लेकिन हम्माल डरा नहीं। पुलिस रात में मेडिकल के लिये नकली टीआई को एमवाय लेकर पहुंची थी। वह सीआईएसएफ से कुछ साल पहले ही बर्खास्त हुआ है।

पुलिस ने नकली टीआई गणेश (40) पुत्र मोहनलाल परमार निवासी जलालपुरा तहसील देपालपुर को पकड़ा है। टीआई गणेश सीआरपीएफ से बर्खास्त सिपाही है। उसने जो खाकी वर्दी पहनी थी। उसके कंधे पर सीआरपीएफ का लोगो था। वहीं टीआई स्तर के तीन स्टार भी लगे हुए है। उसके पास एक नकली पिस्टल और स्कॉर्पियों कार जब्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक देवास नाके पर हम्माली करने वाले गणेश ने बताया कि सोमवार रात करीब 8:30 बजे वह देवास नाका से अपने घर सुखलिया की तरफ पैदल जा रहा था। निरजंन पुर चौराहे पर रोड क्रॉस के दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में आई। जिसने गणेश को टक्कर मार दी। सडक़ पर गिरने के बाद स्कॉर्पियों में बैठा व्यक्ति गाड़ी भगाने लगा। गणेश ने उसका गाड़ी नंबर रूक्क09क्चश्व7171 नंबर देखा। स्कॉपियों गाड़ी गणेश को टक्कर मारने के बाद विजय नगर की तरफ भागी। चौराहे पर खड़े ट्रैफिक जवान को सूचना दी। उसने वायरलेस पर मैसेज किया। इस दौरान विजयनगर के पास दोस्त हम्माल गणेश अपने दोस्त रजत पाटीदार के साथ बाइक पर पहुंचा। थाने के पास खड़ी स्कॉर्पियों को रोका। उसमें से खाकी वर्दी में व्यक्ति निकला। उसकी नंबर प्लेट पर गणेश परमार लिखा हुआ था। उसके कमर में एक काली पिस्टल थी। जिसे वह निकालने लगा। पुलिस ने कहा वह एयर थी।

## बैग चुराने वाला पकड़ाया, चोरी का माल बरामद

**इंदौर।** खिडक़ी से हाथ डालकर बैग चुराने वाले बदमाश को तिलक नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी गया माल भी बरामद कर लिया है। तिलकनगर पुलिस के अनुसार अजय कुमार नायर ने बताया कि 19 मई को फरियादी रीतेश जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 18 मई को सुबह कोई अज्ञात घर पर आया और घर की खिडक़ी मे हाथ डाल कर बैग चोरी कर ले गया, जिसमें 15 हजार रूपए नगदी व सोने के आभूषण थे। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच की करीब दो माह बाद आखिरकार तिलक नगर पुलिस को सफलता मिल गई और घर से बैग उड़ाने वाले जगदीश पिता श्यामलाल राठौर निवासी विनोबा नगर को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक